मेरे संकट हरलो बालाजी भजन लिरिक्स

मेरे संकट हरलो बालाजी,
मेरे संकट हरलों बालाजी,
प्रभु मेहंदीपुर में धाम तेरा,
है संकट मोचन नाम तेरा,
मेरे संकट हरलों बालाजी,
मेरे संकट हरलों बालाजी।bd।

अंजनी के ललना द्वार तेरे,
मेरी कबसे झोली तरस रही,
मेरा दु:ख से तन मन पीड़ित है,
जरा देख ये आँखे बरस रही,
हर दर से हुई निराशा है,
बस एक तुम्ही से आशा है,
मेरे संकट हरलों बालाजी,
मेरे संकट हरलों बालाजी।bd।

तुम दुष्टदलन भयहर्ता हो,
मुझपे भी दया कुछ कर देना,
तूने काज सँवारे रघुवर के,
कोई मुझे भी सुख का वर देना,
मैं रो रो आज पुकार करूँ,
यही विनती बारम्बार करूँ,
मेरे संकट हरलों बालाजी,
मेरे संकट हरलों बालाजी।bd।

हनुमान गदाधर महाबली,
मेरे सोए भाग्य जगा भी दो,
मुझे घेरा हुआ तूफानों ने,
मेरी नैया पार लगा भी दो,
तेरे होते कब तक कष्ट सहुँ,
तुझसे ना कहूं तो किससे कहूं,
Bhajan Diary Lyrics,
मेरे संकट हरलों बालाजी,
मेरे संकट हरलों बालाजी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे संकट हरलो बालाजी,
मेरे संकट हरलों बालाजी,
प्रभु मेहंदीपुर में धाम तेरा,
है संकट मोचन नाम तेरा,
मेरे संकट हरलों बालाजी,
मेरे संकट हरलों बालाजी।bd।

Singer – Kavita Paudwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com